आलीराजपुर एक्सप्रेस
राज एक्सप्रेस
बुधवार, 28 अक्टूबर 2026

मंडी बोर्ड के एमडी राघवेंद्र सिंह से मिला आलीराजपुर जिला व्यापारी संघ का प्रतिनिधिमंडल

आलीराजपुर एवं जोबट मंडियों की समस्याओं से कराया अवगत, व्यापारियों और किसानों के हित में सुविधाएं बढ़ाने की मांग

● बड़ी खट्टाली / राज न्यूज नेटवर्क

जिला आलीराजपुर व्यापारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने भोपाल में कृषि उपज मंडी बोर्ड के प्रबंध संचालक (एमडी) राघवेंद्र सिंह से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने राघवेंद्र सिंह को मंडी बोर्ड के प्रबंध संचालक पद पर नियुक्त होने पर बधाई दी तथा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनका स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल में खट्टाली), जिला उपाध्यक्ष रामेश्वर चौधरी (आलीराजपुर) एवं शिवा वाणी (आलीराजपुर) सहित अन्य प्रतिनिधि शामिल रहे।



आलीराजपुर एवं जोबट मंडियों की समस्याओं से कराया अवगत

बैठक के दौरान जिला व्यापारी संघ के अध्यक्ष राजेश चौधरी एवं सरक्षक रमेश मेहता ने एमडी राघवेंद्र सिंह को आलीराजपुर एवं जोबट कृषि उपज मंडियों में व्यापारियों को आ रही विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही मंडियों में व्यापारिक गतिविधियों को सुगम बनाने, आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा व्यापारियों एवं किसानों के हित में उचित कदम उठाने की मांग की। इस पर राघवेंद्र सिंह ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे आलीराजपुर जिले की भौगोलिक परिस्थितियों से भली-भांति परिचित हैं। उन्हें जिले के किसानों एवं व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं की जानकारी है और वे इन परिस्थितियों को समझते हैं।

पूर्व कलेक्टर के कार्यकाल को किया याद

प्रतिनिधिमंडल ने राघवेंद्र सिंह के आलीराजपुर कलेक्टर के रूप में पूर्व कार्यकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में जिले में अनेक विकास कार्य हुए तथा किसानों की समस्याओं के निराकरण की दिशा में प्रभावी प्रयास किए गए। जिले के व्यापारियों एवं किसानों में उनकी मंडी बोर्ड के एमडी पद पर नियुक्ति को लेकर प्रसन्नता है। प्रतिनिधिमंडल ने जिला व्यापारी संघ आलीराजपुर की ओर से राघवेंद्र सिंह को जिले में आमंत्रित करते हुए अनुरोध किया कि वे आलीराजपुर आकर व्यापारियों एवं किसानों से संवाद करें तथा उनकी समस्याओं को प्रत्यक्ष रूप से जानें। इस पर एमडी राघवेंद्र सिंह ने शीघ्र ही इंदौर संभाग का दौरा करने और इस दौरान आलीराजपुर आने का आश्वासन दिया।

भौतिक लेखा सत्यापन ऑनलाइन होने के आदेश से व्यापारियों में हर्ष

इस अवसर पर जिला व्यापारी संघ के अध्यक्ष राजेश चौधरी ने बताया कि भौतिक लेखा सत्यापन की प्रक्रिया ऑनलाइन करने का आदेश जारी किया जा चुका है तथा इसकी प्रतिया कृषि उपज मंडियों को भेजी जा रही हैं। इस निर्णय से व्यापारियों को प्रक्रिया में सुविधा मिलने की उम्मीद है, जिससे व्यापारी वर्ग में हर्ष का माहौल है। उक्त जानकारी जिला व्यापारी संघ के सरक्षक रमेश मेहता, बड़ी खट्टाली ने हमारे प्रतिनिधि को दी।

समयावधि पत्रकों की समीक्षा बैठक एवं जनसुनवाई में कलेक्टर ने दिए आवश्यक निर्देश

जिले में आयोजित 'मुख्यमंत्री जन विश्वास' में प्राप्त आवेदनों का जल्द से जल्द निराकरण करें





● आलीराजपुर / राज न्यूज नेटवर्क

कलेक्टर नीतू माथुर की अध्यक्षता में जनसुनवाई कक्ष में समयावधि पत्रकों की समीक्षा बैठक एवं जनसुनवाई आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।कलेक्टर माथुर ने समस्त जनपद पंचायत अधिकारी को अवैध रेत परिवहन एवं रेत भूतलों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने फामर एग स्वामित्व योजना से संबंधित कार्य में प्रगति लाने और शासकीय छात्रावासों में पंजीयन व्यवस्था का निरीक्षण करने को कहा साथ ही जिन छात्रावासों में पंजीयन व संबंधित परेशानी होने पर नजदीकी पंचायतों से टैकर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने श्रम विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में श्रमिक के कल्याण के लिए श्रमिक पंजीयन शिविर आयोजित करने,अनुज्ञा राशि से संबंधित लंबित प्रकरणों का दो दिवस में निराकरण करने तथा योजनाओं की फाइलें लंबित नहीं रखने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर माथुर ने समस्त जनपद पंचायत अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ई-केवाईसी का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण करें और हितग्राहीमूलक योजना से संबंधित योजनाओं की कार्यप्रणाली में सुधार लाए। इस दौरान उन्होंने समस्त विभाग प्रमुखों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में आयोजित मुख्यमंत्री जन विश्वास में प्राप्त आवेदनों का जल्द से जल्द निराकरण करें साथ ही निराकृत नहीं होने वाले आवेदनों में स्पष्ट कारण दर्ज कर संबंधित व्यक्ति को अवगत कराए। किसी भी परिस्थिति में पात्र व्यक्ति के आवेदनों को लंबित न रखें उन्हें शासन की योजनाओं से लांभवित करें।सीएम हेल्पलाइन में 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करने तथा जनजातीय कार्य विभाग को निर्धारित समय से अधिक लंबित शिकायतों के संबंध में नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।बैठक में गीता भवन एवं केंद्रीय विद्यालय के लिए चिन्हित भूमि संबंधी कार्रवाई शीघ्र पूर्ण करने, सभी हॉस्टलों में आवश्यक औषधि किट पहुंचाने तथा जिले में आगोरय शिविर लगाने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर ने विभाग को जांच कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए

इस दौरान जनसुनवाई में ग्राम आम्लाखेड़ी तहसील जोबट निवासी रासुसिंह पिता रतनिया चौहान ने शासकीय सीसी रोड को जेसीबी मशीन से तोड़कर आवागमन बाधित किए जाने की शिकायत के संबध में आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों की लबे समय से मांग के बाद ग्राम में सीसी रोड का निर्माण कराया गया था, जिससे ग्रामीणो को आवागमन में सुविधा मिल रही थी। प्रभावीदकणगर द्वारा जेसीबी मशीन से उक्त सड़क को क्षतिग्रस्त कर दिया गया, जिससे ग्रामीणों को आने-जाने तथा वाहनों के आवागमन में काफी परेशानी हो रही है।उन्होंने बताया की पूर्व में भी इस संबध में सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। स्थानिक एव तहसील स्तर पर मौका जाच होने के बावजूद आज दिनाक तक सबधित व्यक्तियो के विरुद्ध कार्यवाही नहीं की गई। उन्होने शासकीय सडक को क्षतिग्रस्त करने वाले के विरुद्ध उचित कार्रवाई करने,सड़क की मरम्मत कर ग्रामीणो के लिए आवागमन सुलभ करने की मांग की। इस पर कलेक्टर माथुर ने उक्त आवेदन की सबंधित विभाग को जाच कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए । इसी तरह जनसुनवाई में लाभ लाडक़ी बहिन योजना में निशेष की गई राशि वापस नहीं मिलने के संबध में, उपार्जित कब्जा, पुलिया स्वीकृत करने, आमलाखेड़ी मंडी को स्वीकृत करने, किसान सम्मान निधि की शीघ्र न मिलने आदि समस्याओं से संबधित प्रार्थना भी प्राप्त हुए। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शर्मिला गौतम , अपर कलेक्टर सोहन कनास , संयुक्त कलेक्टर प्रदीप सोनी सहित समस्त विभागों के अधिकारी एव कर्मचारी उपस्थित थे।



पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए शिविरों में पहुंचकर पंजीयन कराएं



● आलीराजपुर / राज न्यूज नेटवर्क

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश के सभी 55 जिलों के साथ साथ आलीराजपुर जिले में भी मतदाता सूची में नए एवं छूट हुए पात्र नागरिकों के नाम दर्ज कराने के लिए विशेष मतदाता पंजीयन शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही घर-घर जाकर नागरिकों को मतदाता पंजीयन प्रक्रिया की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नीतू माथुर ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे विशेष मतदाता पंजीयन शिविरों का लाभ उठाएं तथा मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आगे आए, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता पंजीयन से वंचित न रहे।

जिला स्तरीय युवा उत्सव 31 को जवाहर नवोदय विद्यालय में होगा

● आलीराजपुर / राज न्यूज नेटवर्क

कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने बताया कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय युवा उत्सव 2027 के अंतर्गत जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 31 अक्टूबर 2026 को दोपहर 2 बजे जवाहर नवोदय विद्यालय, आलीराजपुर में किया जाएगा। उत्सव का उद्देश्य युवाओं में एकता, सास्कृतिक आदान-प्रदान तथा उनकी प्रतिभा एव रचनात्मक क्षमताओं को प्रोत्साहित करना है।

इस वर्ष युवा उत्सव की थीम 'युवा शक्ति से जनभागीदारी'' निर्धारित की गई है। इसके अंतर्गत 'स्वशासमुक्त युवा फॉर विकसित भारत'' विषय पर समूह लोक नृत्य, समूह लोकगायन, पेंटिंग, कविता लेखन एवं मुक्कड़ नाटक सहित विभिन्न सास्कृतिक गतिविधिया आयोजित की जाएगी।

जिला स्तर पर विजेता प्रतिभागी एव दल संभाग स्तर पर सहभागिता करेंगे। संभाग स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी एव दल राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। राष्ट्रीय स्तर पर चयनित प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। शासन के निर्देशानुसार जिला स्तरीय युवा उत्सव के विजेता प्रतिभागियों एवं दलों का रू० Bharat पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य रहेगा। पोर्टल पर पंजीयन के बाद ही जिला स्तरीय युवा उत्सव में भाग लिया जा सकेगा।

कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने जिले के समस्त महाविद्यालयों, विद्यालयों एव संबंधित सस्थाओं को निर्देशित किया है कि वे अपने यहा के इच्छुक छात्र-छात्राओं का पंजीयन कराकर उन्हें आवश्यक पंजीयन प्रपत्र एव अपने-अपने दल के साथ निर्धारित तिथि, समय एव स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

जिला स्वास्थ्य समिति की कार्यकारी समिति की बैठक 28 को

आलीराजपुर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिला स्वास्थ्य समिति, आलीराजपुर की कार्यकारी समिति की बैठक 28 अक्टूबर 2026 को प्रातः 11 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में जिले में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं एवं समस्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक की उपलब्धियों की समीक्षा की जाएगी।

कलेक्टर श्रीमती माथुर ने बैठक में संबंधित अधिकारियों को समस्त आवश्यक जानकारी एव अद्यतन प्रगति विवरण के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए।

पीथमपुर की लगभग 3 किलोमीटर लंबी टीही टनल में रेलवे टावर वैगन का सफल परीक्षण

धार में रेल का सपना होगा शीघ्र साकार : सावित्री ठाकुर, इंदौर-धार रेल परिचालन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

● धार / राज न्यूज नेटवर्क

धार-मह लोकसभा क्षेत्र की जनता के लिए रेल कनेक्टिविटी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सामने आई है। इसके अंतर्गत पीथमपुर स्थित लगभग 3 किमी लंबी टीही टनल में रेलवे अधिकारियों द्वारा टावर वैगन का सफल परीक्षण किया गया है। यह परीक्षण इंदौर से धार के बीच रेल परिचालन शुरू करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। आगामी माह में धार की जनता को रेल कनेक्टिविटी के रूप में बड़ी सौगात मिलने की उम्मीद है। केंद्रीय मंत्रिया एव बाल विकास राज्य मंत्री तथा धार-मह सांसद सावित्री ठाकुर ने इस प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि धार में रेल का सपना अब शीघ्र साकार होने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। आजादी के बाद पहली बार इंदौर से धार के बीच रेल परिचालन आरंभ होने की संभावना क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। इससे क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही रेल सुविधा की आकांक्षा पूरी होने की दिशा में मार्ग प्रशस्त होगा। केंद्रीय राज्यमंत्री ठाकुर ने कहा कि रेल कनेक्टिविटी केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि विकास, व्यापार, पर्यटन और रोजगार के नए अवसरों का माध्यम भी है। इंदौर से धार के बीच रेल सेवा प्रारंभ होने से यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा धार जिले की आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलने की उम्मीद है। इससे क्षेत्र के विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों, व्यापारियों और आम नागरिकों को लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय रेलमत्री अश्विनी वैष्णव के नेतृत्व में देशभर में आधुनिक रेल अवसंरचना के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मध्यप्रदेश में भी रेल सुविधाओं के विकास से दूरस्थ क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। धार जैसे महत्वपूर्ण आदिवासी बहुल क्षेत्र के लिए रेल सुविधा का विस्तार विकास की नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा। ठाकुर ने रेलवे के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि शेष तकनीकी एवं आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण होने के साथ धारवासियों का वर्षों पुराना रेल का सपना साकार होगा। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि धार के विकास, जनसुविधाओं के विस्तार और क्षेत्र की प्रगति की नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



चोरी

किसानों ने पुलिस चौकी में दिया आवेदन, कार्रवाई कर मोटर बरामद करने की मांग

खेत से पानी की मोटर हुई चोरी, किसानों में रोष



● बड़ी खट्टाली / राज न्यूज नेटवर्क

क्षेत्र में खेतों से सिंचाई की मोटर चोरी होने की घटनाओं ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। ताजा मामले में किसान ने खेत से पानी की मोटर चोरी होने की शिकायत पुलिस चौकी में आवेदन देकर की है। घटना को लेकर क्षेत्र के किसानों में रोष व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, किसान के खेत पर सिंचाई के लिए लगाई गई पानी की मोटर चोरी हो गई। किसान ने इस संबंध में पुलिस चौकी में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा चोरी गई मोटर का पता लगाने की मांग की है।

सिंचाई व्यवस्था प्रभावित होने की चिंता

किसानों के लिए पानी की मोटर खेती-किसानी का महत्वपूर्ण साधन है। मोटर चोरी होने से न केवल आर्थिक नुकसान होता है, बल्कि फसलों की सिंचाई भी प्रभावित होने की आशंका रहती है। पहले से ही खेती में बढ़ती लागत के बीच इस प्रकार की घटनाएं किसानों की परेशानी बढ़ा रही हैं।

पुलिस से शीघ्र कार्रवाई की मांग

चोरी की मोटर चोरी होने की घटनाओं को लेकर किसानों ने नाराजगी है। किसानों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मामले की गंभीरता से जांच कर चोरी करने वाले व्यक्ति का पता लगाया जाए तथा चोरी गई मोटर बरामद की जाए। साथ ही, क्षेत्र में खेतों और कृषि उपकरणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाए।अब किसानों को उम्मीद है कि पुलिस प्रशासन शिकायत पर शीघ्र कार्रवाई करेगा, जिससे ऐसी घटनाओं पर अकुश लगाया जा सके और किसानों को राहत मिल सके।

भारतीय स्टेट बैंक
ई-नीलामी द्वारा वाहन नीलामी की सूचना
शाखा कार्यालय आलीराजपुर, पाटन-3 (M.P.)
मोबाइल नं.: 80772 29480, 9713068598

परिशिष्ट – IV ए [नियम 8(6) का परन्तुक देखें]
ई-नीलामी द्वारा वाहन के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन वाहन के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

1. नियोक्ता भारतीय सुरक्षा प्रेस प्रिंट, कलर सर्कल, फ्यूल पेट्रोल, निर्माण वर्ष 2024, चेसिस नंबर MAT124ZU7J653, इंजन नं. Z12ZPT058742, पंजीयन नं. MP62CD0540319833, सूचकाक अनुसार कुल देय बिक्री मिलाकर ₹ 3,42,850/- (तीन लाख बयालीस हजार आठ सौ पचास रुपये मात्र)

इच्छुक बोली करता यहां / प्राधिकृत अधिकारी के ई-नीलामी प्लेटफॉर्म https://baanknet.com पर ऑनलाइन बोली लगा सकते हैं। M/s PSB Alliance के पोर्टल https://baanknet.com में रजिस्ट्रेशन करने के लिए कृपया हमारे सेवा प्रदाता M/s PSB Alliance Pvt. Ltd. के हेल्पलाइन नं. 079-68136857 / 68136837 (व्यापार घंटों के दौरान) पर संपर्क करें। ई-नीलामी बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए कृपया हमारे सेवा प्रदाता के पोर्टल https://baanknet.com में लिंक पर क्लिक करें। ई-नीलामी बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए कृपया हमारे सेवा प्रदाता के पोर्टल https://www.sbi.co.in एवं https://baanknet.com (विज्ञापनदाता का पोर्टल) देखें।

यह प्रकाशन ऋणी / जमानतदार(रों) / बंधककर्ता(ओं) को प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के अन्तर्गत 7 दिवसीय सूचना भी है।

वाहन निरीक्षण दिनांक एवं समय : 04.11.2026 तक (पूर्व में दिए गए समय अनुसार), भारतीय स्टेट बैंक अतिरिक्त शाखा
स्थान: धार, दिनांक: 27.10.2026
प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक, क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, धार